विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2022 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तर-

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 11-(क) क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में कुल कितने टोल बूथ बनाये गये हैं, इन टोलबूथों पर कुल कितने अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यरत हैं तथा इनके वेतन एवं अन्य सुविधाएं क्या-क्या हैं ? | **(अ)आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे**<br>आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कुल टोल बूथों की संख्या 155 है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर टोल कलेक्शन के कार्य हेतु यूपीडा द्वारा मेसर्स सहकार ग्लोबल लि० के साथ अनुबन्ध गठित किया गया है। सेवा प्रदाता द्वारा इन टोल बूथो पर 942 कर्मचारी नियुक्त किये गये है जिनको सेवा प्रदाता द्वारा उनकी कम्पनी के नियमानुसार वेतन,रहने खाने की सुविधा एवं यात्रा भत्ते की सुविधाए दी जा रही है।<br>**(ब) पूर्वांचल एक्सप्रेसवे**<br>पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर टोल बूथों की संख्या 116 है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली हेतु कार्मिक उपलब्ध कराये जाने का अनुबन्ध मेसर्स कोरल एसोसिएट्स के साथ गठित है। सेवा प्रदाता द्वारा टोल वसूली हेतु टोल बूथों पर कुल 1211 अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत् है जिनको 02 श्रेणियों में क्रमशः रू0 14931 एवं रू0 10578 वेतन मद में यूपीडा द्वारा सेवाप्रदाता को भुगतान दिया जा रहा है। सेवाप्रदाता द्वारा कम्पनी के नियमानुसार वेतन एवं आवास, भोजन तथा मेडिकल सुविधा प्रदान की जा रही है। |
| (ख)क्या उक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई0पी0एफ0 की सुविधा से आच्छादित किया गया है? | जी हाँ। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ)यदि हाँ, तो क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | **(अ) आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे**<br>मेसर्स सहकार ग्लोबल लि० द्वारा टोल बूथो पर नियुक्त कर्मचारी EPF Est. Code KDMAL1670106 तथा ESI Est. Code 35000444100001099 & 21350444100011099 से आच्छादित है।<br>**(ब) पूर्वांचल एक्सप्रेसवे**<br>मेसर्स कोरल एसोशिएट्स द्वारा टोल पर कार्यरत् अधिकारियों/कर्मचारियों को EPF Est. Code RJUDR2323740 तथा ESI Est. Code 16000568560000999 से आच्छादित है। |

नन्द गोपाल गुप्ता "नन्दी"
मंत्री
औद्योगिक विकास विभाग।